दैनिक जीवन में विज्ञान

(www.surajclasses.com)

Class 6 Science Solution UP Board

अभ्यास प्रश्न

प्रश्न 1. सही विकल्प छाँटकर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखिए-

(क) गुरुत्वाकर्षण का सिद्धान्त दिया है

(i) वोल्टा ने

(ii) न्यूटन ने (✓)

(iii) सी. वी. रमन ने

(iv) एस. एन. बोस ने

(ख) वैज्ञानिक विधि का चरण नहीं है-

(i) जिज्ञासा (✓)

(ii) परीक्षण

(iii) सिद्धान्त

(iv) निरीक्षण

(ग) भारतीय वैज्ञानिक हैं-

(i) एडीसन

(ii) मैडम क्यूरी

(iii) गैलिलियो

(iv) हरगोविन्द खुराना (✓)

(घ) ओजोन पर्त में छिद्र का कारण है-

(i) जल प्रदूषण

(ii) ध्वनि प्रदूषण

(iii) वायु प्रदूषण (✓)

(iv) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) दो भारतीय और दो विदेशी वैज्ञानिकों के नाम लिखिए।

उत्तर- दो भारतीय वैज्ञानिक जे० सी० बोस और डा० ए० पी० जे० अब्दुल कलाम तथा दो विदेशी वैज्ञानिक एडीसन और मारकोनी हैं।

(ख) विज्ञान के दुरुपयोग से होने वाली किन्हीं दो समस्याओं को लिखिए।

उत्तर- विज्ञान के दुरुपयोग से होने वाली समस्याएँ

(i) तीव्र ध्वनियाँ उत्पन्न करने वाले संगीत, लाउडस्पीकर आदि से ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न हो रहा है जिससे मानव मस्तिष्क पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है।

(ii) रेफ्रिजरेटर तथा एयर कंडीशनर में प्रयुक्त गैसों से वायुमंडल में क्लोरोफ्लोरो कार्बन की मात्रा में वृद्धि हो रही है जिससे ओजोन परत का निरंतर क्षरण हो रहा है

surajclasses.com